# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email-jdanic-jod-rj@nic.in osc&lkbZV jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/265635-7 Fax 021-2612086


क्रमांक /बैठक/ E.C/2021 / 374 दिनांकः– 21 मई 2021

## बैठक कार्यवाही विवरण

प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक श्री कमर चौधरी, आई.एस.एस, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर एंव अध्यक्ष , कार्यकारी समिति की अध्यक्षता में उनके कक्ष में दिनांक 21 मई 2021 को प्रातः 11.00 बजे आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सदस्य /अधिकारियों का विवरण परिशिष्ट –1 पर उपलब्ध है।

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 17 अप्रैल 2021 मे लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

गत बैठक दिनांक 17 अप्रैल 2021 का कार्यकारी समिति विवरण जारी किया जाकर सभी को प्रेषित किया जा चुका है । अतः कार्यकारी समिति की गत बैठक 17 अप्रैल 2021 का कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुत है ।

### निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से गत बैठक दिनांक 17 अप्रैल 2021 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि करते हुए कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने का निर्णय लिया गया।**

**प्रस्ताव संख्या 2 :: सयुक्त शासन सचिव–प्रथम नगरीय विकास विभाग राजस्थान सरकार के पत्र क्रंमाक प. 9(18)नविवि/1/2021 दिनांक 13.05.2021 के द्वारा कोविड–9 के मध्य नजर प्राधिकरण द्वारा स्वंय के वित्तीय स्त्रोतों से ऑक्सीजन प्लांटस स्थापित करने हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण को अग्रिम राशि हस्तांतरित करने के संबंध में।**

| क्र.सं | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबध मे घोषणा | प्रभारी अधिकारी की एजेण्डे मे अभिशंषा/प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नही गया है।<br>**पत्रावली के एफ.टी.एस कमांक 103457** | सयुक्त शासन सचिव–प्रथम नगरीय विकास विभाग राजस्थान सरकार के पत्र क्रंमाक प. 9(18)नविवि/1/2021 दिनांक 13.05.2021 के द्वारा कोविड–9 के मध्य नजर प्राधिकरण द्वारा स्वंय के वित्तीय स्त्रोतों से ऑक्सीजन प्लांटस स्थापित करने हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण को अग्रिम राशि हस्तांतरित करने के संबंध में। |

वर्तमान में कोविड–19 महामारी की द्वितीय लहर चल रही है, जो अत्यंत घातक है एंव इसके संक्रमण की तीव्रता भी अत्यधिक है। इस महामारी की विषमता एंव प्रदेश में मेडिकल ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग एंव नगरीय विकास विभाग, जयपुर द्वारा राजस्थान के विभिन्न शहरों में विभिन्न क्षमता के 105 ऑक्सीजन प्लांट्स स्थापित करने का निर्णय लेकर दिनांक 12.05.2021 को दो फर्मो को लेटर ऑफ एक्सेप्टेस जारी किय गये है, जो निम्नानुसार हैः–

01. All Time Data Pvt. Ltd. Noida, U.P -60 Plants.
02. Exhicon Event Medi Solutions Pvt. Ltd. Andheri (w) Mumbai.-45 Plants.

नगरीय विकास विभाग, जयपुर ने अपनी पत्रांक प.9(18)नविवि/1/2021 जयपुर दिनांक 13.05.2021 द्वारा ऑक्सीजन प्लान्ट स्थापित करने हेतु निर्देश प्रदान किये कि आवश्यकतानुसार ऑक्सीजन प्लान्ट



Scanned with CamScanner

स्थापित करने हेतु स्वयं के वित्तीय स्त्रोतों से कार्य को बैठक में अनुमोदित करवाते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को अग्रिम राशि अविलम्ब जमा करवाने की कार्यवाही करें।

उपरोक्त दोनो फर्मो को जयपुर विकस प्राधिकरण, जयपुर के कार्यादेश क्रमांक JDA/EE(ROB/RUB-1) Covid -19 Oxgen Plant/UID: 1145349/21-22/D-113 & 114 Date :13.05.2021 कुल 47 लान्ट विभिन्न नगरीय निकायों में स्थापित करने हेतु जारी किये गये। इसमें से UID: 1145349/21-22/D-113 Date 13.05.2021 द्वारा जोधपुर विकास प्राधिकरण को $48M^3$/Hour के 07 प्लान्ट लगाने हेतु कार्यादेश जारी किया गया।

जोधपुर शहर में ऑक्सीजन प्लान्ट की मांग पत्र अधीक्षक, उम्मेद अस्पताल, जोधपुर के पत्रांक 4359 दिनांक 19.05.2021 तथा अधीक्षक, मथुरादास माथुर अस्पताल, जोधपुर के पत्रांक 9233 दिनांक 19.05.2021 एवं महात्मा गांधी अस्पताल के पत्रांक 6639–42 दिनांक 19.05.2021 द्वारा एक–एक 48 एम3 पीएसए प्लान्ट अर्थात् तीन पीएसए प्लान्ट की मांग प्राप्त हुई है। अधीक्षक महात्मा गांधी अस्पताल द्वारा के.एन. चेस्ट हॉस्पीटल में एक प्लान्ट की मांग की है। इस अस्पताल हेतु पूर्व में ही जोधपुर शहर विधायक स्थानीय विकास मद से पी.एस.ए. प्लान्ट लगाया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध में जिला प्रशासन से विचार विमर्श के पश्चात् 48 $NM^3/H$(150Cylinder 7 $M^3$) के दो प्लान्ट स्थापित किये जाने प्रस्तावित हैं जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

<u>कार्य स्थल :–</u>

| क्र.स | स्थल | प्लाण्ट्स की संख्या | प्लाण्ट्स की क्षमता |
|---|---|---|---|
| 01. | मथुरा दास माथुर हॉस्पीटल, जोधपुर | 1 | 48 $NM^3/H$(150Cylinder 7 $M^3$) |
| 02. | उम्मेद हॉस्पीटल , जोधपुर | 1 | 48 $NM^3/H$(150Cylinder 7 $M^3$) |

<u>व्यय:–</u>

| क्र. स | फर्म का नाम | ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता | मात्रा | दर | लागत (लाखों में ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | शुद्ध राशि | जी.एस.टी | सकल राशि |
| 01. | Exhicon Event Medi Solutions Pvt. Ltd. 103 crystal paradise D.S raod off Veera Desai Road Andheri (w) Mumbai.-4000053 | 48$NM^3/H$ Approx 800 LPM (150Cylinder7 $M^3$) | 2 | 75.00 लाख | 150.00 | 27.00 लाख (@ 18%) | 177.00 लाख |

उपरोक्तानुसार दो प्लान्ट की अनुमानित लागत रूपये 177.00 लाख है।

01. संबंधित एजेन्सी द्वारा Turnkey आधार पर ऑक्सीजन प्लांटस की स्थापना का कार्य पूर्ण कर इसका सचालन प्रारम्भ किया जाने हेतु दो माह की अवधि निर्धारित की गयी है।
02. प्लांट का कार्य पूर्ण होने की तिथि से एक वर्ष की अवधि तक संचालन एंव सधारण (O&M) भी संबंधित एजेंन्सी द्वारा ही किया जायेगा तथा एक वर्ष के पश्चात् फर्म द्वारा उक्त प्लांटस संबंधित चिकित्सालय को सुपुर्द किये जायेंगे। तदुपरांत इन सभी प्लांटस का संचालन एंव सधांरण संबंधित चिकिसत्सालय द्वारा अपने व्यय पर स्वंय के स्तर पर करवाया जायेगा।
03. प्लांट के समस्त उपकरणों की दो वर्ष की वारण्टी भी एजेन्सी के अनुबंध में सम्मिलित है।



Scanned with CamScanner

04. कार्य के निर्धारित मापदण्ड एंव गुणवता की जॉच हेतु राज्य सरकार द्वारा Third PartyInspection हेतु पृथक से एजेन्सी भी नियुक्त की जा रही है। जिसके द्वारा प्रमाणीकरण प्राप्त होने के उपरांत एजेन्सी को कार्य का भुगतान किया जायेगा।

प्लान्ट स्थापित किये जाने की प्रस्तावना निम्नानुसार है :–

01. जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर द्वारा दो कार्य स्थल (1) मथुरादास माथुर अस्पताल, जोधपुर (2) उम्मेद अस्पताल, जोधपुर में 48 $NM^3/H$(150Cylinder 7 $M^3$) क्षमता के प्लान्ट लगाने की प्रस्तावना है।

02. उक्त दोनो ऑक्सीजन प्लान्टों हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राशि रूपये 180.00 लाख जारी करना प्रस्तावित है।

03. नगरीय विकास विभाग, जयपुर के पत्रांक प.9(18)नविवि/1/2021 जयपुर दिनांक 13.05.2021 में प्राप्त निर्देशों की पालना में प्लान्ट की लागत राशि को अग्रिम रूप से जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर को जारी करने की स्वीकृति प्रस्तावित है।

उक्तानुसार प्राधिकरण की कार्यकारी समिति के समक्ष एजेण्डा स्वीकृति/अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

**निर्णय**

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की नगरीय विकास विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के निर्देशों की पालना में अस्पतालों की मांग अनुसार 2 ऑक्सीजन प्लाटों के स्थान चयन , इस हेतु आवश्यक प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति राशि रूपयें 180.00 लाख स्वीकृति जारी करने तथा अग्रिम रूप में राशि जयपुर विकास प्राधिकरण ,जयपुर को प्रेषित करने की स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया गया**

प्रस्ताव संख्या 3 :: **प्राधिकरण में कोविड वायरस की परिस्थितियों को देखते हुए विडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा हेतु 2 कम्प्यूटर मय वैबकैम व माइक्रोफॉन क्रय करनें बाबत् ।**

| **प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में घोषणा** | **प्रभारी अधिकारी की एजेण्डा के संबंध में अभिशंषा/प्रस्ताव** |
|---|---|
| पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों एवं टिप्पणीयों के अनुसार कोई तथ्य छिपाया नही गया है। | प्राधिकरण में कोविड वायरस की परिस्थितियों को देखते हुए विडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा हेतु 2 कम्प्यूटर मय वैबकैम व माइक्रोफॉन एवं 1 प्रिन्टर क्रय करना प्रस्तावित हैं। |

वर्तमान में कोविड वायरस की परिस्थितियों को देखते हुए प्राधिरकण की राज्य स्तर से होनें वाली बैठकें ऑनलाईन विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही संपादीत की जा रही हैं। उक्त के संबंध में श्रीमान आयुक्त महोदय से प्राप्त निर्देशानुसार विडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा हेतु 02 डेस्कटॉप कम्प्यूटर (All In One PC) जिनमें वैबकैम एवं माइक्रोफॉन इनबिल्ट हो एवं 1 प्रिन्टर क्रय किये जाने हैं। उक्त के संबंध में संलग्न पत्रावलीनुसार श्रीमान निदेशक वित्त महोदय के द्वारा भी अवगत करवाया गया की वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 4.5.2021 द्वारा कोविड–19 से संबंधित मैनेजमैण्ट हेतु क्रय आदि के लिए विकास प्राधिकरणों को RTPP Act 2012 के प्रावधानों से मुक्त किया गया हैं तथा प्रस्ताव को EC बैठक से अनुमोदित करवाया जाना प्रस्तावित हैं, साथ ही उक्त क्रय हेतु तीन सदस्य (1. अधिशाषी अभियंता, स्टोर 2. सहायक लेखाधिकारी प्रथम, स्टोर 3. प्रोग्रामर) की कमेटी का गठन किया जाना उचित हैं।



Scanned with CamScanner

अतः उक्त क्रय हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति व कमेटी गठन हेतु एजेण्डा नोट बनाकर कार्यकारी समिति के समक्ष निर्णयार्थ प्रस्तुत हैं।

## निर्णय

**बैठक में बाद विचार विमर्श सर्वसम्मति से रूपयें 2.50 लाख (रूपयें दो लाख पचॉस हजार) की प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति जारी करने एंव प्रस्ताव अनुसार विडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा हेतु 2 कम्प्यूटर मय वैबकैम व माइक्रोफॉन एवं 1 प्रिन्टर क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(यह कार्यवाही विवरण संबंधित पत्रावली (पत्रावली संख्या बैठक शाखा/2020/भाग–11/(जे.डी.ए /एफ.टी.एस/94294) कार्यकारी समिति बैठक निर्धारण पत्रावली) के पैरा संख्या 64.../एन पर आयुक्त महोदय के अनुमोदन के उपरान्त जारी किया जा रहा है। उपरोक्त जारी किये जाने वाले कार्यवाही विवरण के संबंध में किसी भी सदस्य को यदि कोई आपत्ति हो तो वह कार्यवाही विवरण जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय को अवगत करावें अन्यथा स्थिति में कार्यकारी समिति के निर्णय प्रभावी माने जावेगे।

21/5/21
(हरमान मीना )
सचिव

क्रमांक /बैठक/ E.C/2021 /375–392 दिनांकः– 21 मई 2021

प्रतिलिपी वास्ते सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

01. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान ,जयपुर
02. निजी सचिव (अध्यक्ष महोदय/आयुक्त महोदय), जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर
03. जिला कलक्टर महोदय, जोधपुर
04. प्रबन्ध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगर लिमिटेड , जोधपुर
05. उपाध्यक्ष, राजस्थार स्टेट रियंल एस्टेट डवलपमेंट काउन्सिल, (RAJREDCO) 307 , पिंक टावर,नेहरू गार्डन के सामने, टोंक रोड, जयपुर
06. उपायुक्त –पूर्व/पश्चिम/मुख्यालय/यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर/पुलिस अधीक्षक –ग्रामीण , जोधपुर
07. आयुक्त (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) नगर निगम (उत्तर/दक्षिण) जोधपुर
08. मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जोधपुर
09. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांन्त्रिकी विभाग, जोधपुर
10. प्रबन्धक निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एंव विनियोजन निगम लिमिटेड/क्षेत्रीय प्रबन्धक,रीको –जोधपुर /बोरानाड़ा
11. प्रबन्धक निदेशक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर/प्रबन्धक (याता.) राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड, जोधपुर
12. उप निदेशक , पर्यटन, जोधपुर
13. निदेशक–अभियांत्रिकी /नियोजन/वित्त/विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर



Scanned with CamScanner

14. उपायुक्त/पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण/मुख्यालय/उप सचिव/भूमि अवाप्ति अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर
15. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर
16. अधीक्षण अभियन्ता–प्रथम/द्वितीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण ,जोधपुर
17. प्रोग्रामर, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर को आवश्यक कार्यवाही एंव वेबसाईट पर प्रर्दशन हेतु
18. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण , जोधपुर

21/5/24

(हरमान मीना )
सचिव



Scanned with CamScanner

दिनांक 21 मई 2021 को प्रातः 11.00 बजे श्री कमर चौधरी, आई.ए.एस, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण

1. श्री हरभान मीणा सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
2. श्री सुमित के. पंवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आर.) जोधपुर।
3. श्री इमतियाज बैग मुख्य अभियन्ता जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर।
4. श्री एम. एस. चारण अधीक्षण अभियन्ता सिटी जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर।
5. श्री संजय झा, वरिष्ठ महाप्रबंधक रीको, जोधपुर
6. श्री रामपाल एम. (ए.डी.एम.) आर.एस.आर.टी.सी., जोधपुर।
7. श्री हनुमान सिंह, उपखण्ड अधिकारी, जोधपुर।
8. श्री जोगेन्द्र सिंह मेहता अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर।
9. श्री लाडूराम विश्नोई निदेशक अभियांत्रिकी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
10. श्री चैनाराम प्रजापत, पर्यटक अधिकारी, पर्यटन विभाग, जोधपुर।
11. श्री जगदीश कुमार, निदेशक विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
12. डॉ. बी. एस. चौहान ए.सी.एम.सी. नगर निगम, जोधपुर उतर ।
13. श्री ओ. पी. सिरवी निदेशक वित, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
14. श्री मुकेश भाटी, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर।
15. श्री डी. एस. चौहान अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर।
16. श्री अनिल पूनियाँ उपायुक्त पूर्व, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
17. श्री राकेश कुमार शर्मा उप सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
18. श्रीमती कंचन राठौड उपायुक्त उतर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
19. श्री नीरज मिश्रा, उपायुक्त पश्चिम, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।



Scanned with CamScanner